J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.04.2020**

## PUNJAB KESARI

# 'एलिमेंट्स कलमायका' से रचनात्मक गतिविधियों के लिए किया प्रेरित

- **मनीष को मिस्टर तथा तान्या को मिस कलमायका चुना गया**
- **अनिल भारद्वाज मिस्टर एलुमनाई और गरिमा सिंगला मिस एलुमनाई बनी**

फरीदाबाद, 12 अप्रैल (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलिमेंट्स कलमायका' संपन्न हो गया। देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा इस बार वार्षिक उत्सव को आनलाइन आयोजित किया था, जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाई।

उत्सव के समापन पर मिस्टर व मिस कलमायका, मिस्टर व मिस टैलेंट तथा मिस्टर व मिस एलुमनाई प्रतियोगिता सहित विभिन्न तकनीकी एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किये गये। इनमें बीटेक मैकेनिकल प्रथम वर्ष के मनीष शर्मा को मिस्टर कलमायका तथा एमएससी फिजिक्स द्वितीय वर्ष की तान्या शर्मा को मिस कलमायका घोषित किया गया। इसी प्रकार, बीटेक ईसीई प्रथम वर्ष के सिद्धार्थ को मिस्टर टैलेंट तथा बीटेक सीविल द्वितीय वर्ष की आशी को मिस टैलेंट घोषित किया गया। उत्सव में मिस्टर एलुमनाई 2020 का खिताब 1988-92 बैच के अनिल कुमार भारद्वाज ने जीता और 2015-17 बैच की गरिमा सिंगला मिस एलुमनाई 2020 चुनी गई।




'द शो मस्ट गो आन' थीम के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय उत्सव में लगभग 200 शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया और तीन हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने कुल 67 इवेंट्स में भागीदारी की।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर की देखरेख में आयोजित उत्सव के सभी इवेंट्स का संचालन स्टूडेंट क्लब द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से किया गया था। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा भी विश्वविद्यालय के अधिकारिक फेसबुक पेज पर कर दी गई है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने उत्सव की सफलता पर इसके आयोजन से जुड़े सभी क्लब सदस्यों को बधाई दी है तथा उत्सव के आयोजन को लेकर डीन स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के प्रयासों की सराहना की। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने भी उत्सव के सफल आयोजन पर सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की है।

### युवाओं की रही सक्रिय भागीदारी

डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल ने बताया कि उत्सव के दौरान युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। उत्सव में विश्वविद्यालय के 16 विद्यार्थी क्लबों ने सि य भूमिका निभाई और इन प्लेटफार्म पर लाइक, शेयर, यूनिक व्यू तथा फोलो को मिलाकर कुल 1.95 मिलियन मेंशन्स प्राप्त हुए, जिससे उत्सव की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान ने बताया कि विश्वविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका' प्रतिवर्ष डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय की देखरेख में आयोजित किया जाता है, जिसमें दिल्ली व एनसीआर के विभिन्न कालेजों के शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों से टीमें हिस्सा लेती हैं। इस बार 'एलिमेंट्स कलमायका' के दौरान कोरोना वायरस से रोकथाम के प्रति जागरूकता पर केन्द्र में रखकर इवेंट्स आयोजित किये गये थे। उत्सव के अंतर्गत आयोजित किये गये प्रमुख इवेंट्स में डिजिटल आर्ट, आनलाइन सिंगइंग, पेंटिंग, सेल्फी हंट, क्विज, मिस्टर एंड मिस कलमायका, मिस्टर एंड मिस एलुम्नाई जैसे इवेंट्स शामिल रहे।

**NEWS CLIPPING: 13.04.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# वार्षिक उत्सव में मनीष और तान्या बने मिस्टर व मिस कलमायका

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी का इस बार वार्षिक उत्सव 'एलिमेंट्स कलमायका' ऑनलाइन आयोजन हुआ। शनिवार रात को इसका समापन हुआ। इस दौरान मिस्टर व मिस कलमायका, मिस्टर व मिस टैलंट और मिस्टर व मिस एलुमनाई प्रतियोगिता सहित विभिन्न तकनीकी व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। इनमें बीटेक मैकेनिकल फर्स्ट ईयर के छात्र मनीष शर्मा को मिस्टर कलमायका और एमएससी फिजिक्स सेकंड ईयर की तान्या शर्मा को मिस कलमायका घोषित किया गया।

इसी तरह बीटेक ईसीई फर्स्ट ईयर के सिद्धार्थ को मिस्टर टैलंट व बीटेक सीविल सेकंड ईयर की आशी को मिस टैलंट घोषित किया गया।

## HINDUSTAN

# मनीष मिस्टर, तान्या मिस कलमायका बनीं

**फरीदाबाद।** जेसी बोस वज्ञिान एवं प्रौद्योगिकी वशि्ववद्यिालय (वाईएमसीए) की ओर से आयोजित सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'कलमायका' रविवार को संपन्न हो गया। इस बार वार्षिक उत्सव को ऑनलाइन आयोजित किया था। इसमें बीटेक मैकेनिकल प्रथम वर्ष के मनीष शर्मा को मिस्टर कलमायका और एमएससी भौतकी द्वितीय वर्ष की तान्या शर्मा को मिस कलमायका घोषित किया गया। बीटेक ईसीई प्रथम वर्ष के सद्धिार्थ को मिस्टर टैलेंट और बी.टेक सिविल द्वितीय वर्ष की आशी मिस टैलेंट घोषित किया गया। जबकि मिस्टर एलुमनाई 2020 का खिताब 1988-92 बैच के अनिल भारद्वाज को और 2015-17 बैच की गरिमा सिंगला को मिस एलुमनाई चुनी गई।

**NEWS CLIPPING: 13.04.2020**

## THE PIONEER

# जेसी बोस के उत्सव ऑनलाइन 'एलिमेंट्स कलमायका' 2020 का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलिमेंट्स कलमायका' संपन्न हो गया। देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा इस बार वार्षिक उत्सव को आनलाइन आयोजित किया था, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। उत्सव के समापन पर मिस्टर व मिस कलमायका, मिस्टर व मिस टैलेंट तथा मिस्टर व मिस एलुमनाई प्रतियोगिता सहित विभिन्न तकनीकी एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किये गये।

### मनीष को मिस्टर कलमायका तथा तान्या को मिस कलमायका चुना गया

इनमें बीटेक मैकेनिकल प्रथम वर्ष के मनीष शर्मा को मिस्टर कलमायका तथा एमएससी फिजिक्स द्वितीय वर्ष की तान्या शर्मा को मिस कलमायका घोषित किया गया। इसी प्रकार, बीटेक ईसीई प्रथम वर्ष के सिद्धार्थ को मिस्टर टैलेंट तथा बीटेक सीविल द्वितीय वर्ष की आशी को मिस टैलेंट घोषित किया गया। उत्सव में मिस्टर एलुमनाई 2020 का खिताब 1988-92 बैच के अनिल कुमार भारद्वाज ने जीता और 2015-17 बैच की गरिमा सिंगला मिस एलुमनाई 2020 चुनी गई। 'द शो मस्ट गो आन' थीम के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय उत्सव में लगभग 200 शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया और तीन हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने कुल 67 इवेंट्स में भागीदारी की। डीन स्टूडेंट वेलफेयर की देखरेख में आयोजित उत्सव के सभी इवेंट्स का संचालन स्टूडेंट क्लब द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से किया गया था।